10.	दुर्ग जिले के (क) शासकीय कला एवं कामर्स कालेज अर्जुन्दा में शिक्षण सत्र 2004 से विज्ञान एवं गणित संकाय प्रारंभ करना (ख) ग्राम देवरी विकासखंड गुण्डरदेही विधान सभा क्षेत्र खेरथा अंतर्गत तांदुला नदी पर एनीकट कम रपटा निर्माण करना (ग) विकासखंड डौंडीलोहारा विधान सभा क्षेत्र खेरथा के अन्तर्गत नाहंदा से खमतराई मार्ग पर खरखरा नदी पर पुल निर्माण करना (घ) विकासखंड डौंडीलोहारा विधान सभा क्षेत्र खेरथा के अंतर्गत मुड़खुसरा भीमकन्हार आदि स्थानों पर सड़क डामरीकरण करना.	22-06-2004
11.	जांजगीर-चांपा जिले के (क) ग्राम चंगोरी विकासखंड अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा में हाईस्कूल खोलने (ख) ग्राम मुरलीकंजी एवं ग्राम संवई के मध्य कंजीनाला में स्टापडेम एवं पुल निर्माण (ग) विकासखंड बलौदा के अंतर्गत ग्राम गतवा में हाईस्कूल खोलने (घ) विकासखंड बलौदा के अंतर्गत ग्राम मदनपुरगढ़ के पास चौसरिया नाला में पुल निर्माण.	23-06-2004
12.	दुर्ग जिले के गुण्डरदेही विधान सभा क्षेत्र में (क) तांदुला नदी पर स्टाप डेम निर्माण करना (ख) ग्राम सिकोसा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना सहित 20 बिस्तर अस्पताल निर्माण करना.	23-06-2004

13.	धमतरी जिले के जिला धमतरी के नगरी तहसील मुख्यालय में उप कोषालय खोलना	24-06-2004
14.	जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत-	25-06-2004
	(क) ग्राम देवरी विकासखंड बलौदा में हाईस्कूल खोलना	
	(ख) अकलत्रा से कापन मार्ग का डामरीकरण	
	(ग) बलौदा विकासखंड में शासकीय महाविद्यालय प्रारंभ करना	
	(घ) ग्राम नरियरा में कन्या हाईस्कूल खोलना.	
15.	बस्तर जिले के चित्रकोट विधान सभा अंतर्गत-	25-06-2004
	(क) ग्राम पंचायत-ककनार, विकासखंड-लोहण्डीगुड़ा के अंतर्गत ग्राम ककनार में खोले गये आश्रम को ग्राम-मिपनार, विकासखंड-लोहण्डीगुड़ा में स्थान परिवर्तन करना (ख) विकासखंड-लोहण्डीगुड़ा अंतर्गत ग्राम बाधनपाल से दावपाल तक मार्ग का कार्य पूर्ण किया जाना (ग) ग्राम लोहण्डीगुड़ा में कन्या हाईस्कूल खोलना (घ) ग्राम रोजे विकासखंड गीदम में हाईस्कूल खोलना (ङ) ग्राम बास्तानार में हाईस्कूल खोलना (च) विकासखंड-लोहण्डीगुड़ा में सूखा राहत के अंतर्गत ग्राम परियामुड़ा से ग्राम कोठियामुड़ा तक सड़क निर्माण (छ) ग्राम अलनार विकासखंड लोहण्डीगुड़ा में हाईस्कूल खोलना.	
16.	दुर्ग जिले के-गुण्डरदेही विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरबसपुर में लघु स्वास्थ्य केन्द्र खोलना	26-06-2004

समिति का प्रतिवेदन

1.	कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन	24-05-2004
2.	गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति के प्रथम प्रतिवेदन की प्रस्तुती तथा पारण	27-05-2004
3.	कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन	28-05-2004
4.	गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का द्वितीय प्रतिवेदन	10-06-2004
5.	गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का तृतीय प्रतिवेदन	17-06-2004
6.	गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का चतुर्थ प्रतिवेदन	24-06-2004

जांच की घोषणा

1.	श्री नंद कुमार पटेल, सदस्य की रायगढ़ जिले के खरसिया विकासखंड में काम के बदले अनाज योजना के चावल वितरण में अनियमितता संबंधी ध्यानाकर्षण सूचना दिनांक 24-05-2004 पर चर्चा के दौरान फर्जी कूपन के आधार पर चावल वितरण की अनियमितता की खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री, (श्री मेघाराम साहू) द्वारा जांच की घोषणा.	24-05-2004
2.	श्री उदय मुदलियार, सदस्य की शासकीय जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में चिकित्सकों व स्टॉफ की लापरवाही से अबोध बालक की मौत होने संबंधी ध्यानाकर्षण सूचना दिनांक 24-05-2004 पर चर्चा के दौरान अबोध बालक की मृत्यु की जवाबदारी नियत करने एवं सम्मानजनक मुआवजा देने की मुख्यमंत्री (डॉ. रमन सिंह) द्वारा जांच की घोषणा.	24-05-2004
3.	डॉ. शक्राजीत नॉयक, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या-01 (क्रमांक 4) दिनांक 25-05-2004 को गोमार्डा अभ्यारण्य में सागौन, बीजा आदि वृक्ष की कटाई पर कार्यवाही संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान अवैध कटाई के लिए वास्तविक जिम्मेदार अधिकारी पर कार्यवाही करने हेतु वन मंत्री (श्री गणेश राम भगत) द्वारा जांच की घोषणा.	25-05-2004
4.	श्री देवजी पटेल, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 5 (क्रमांक 96) दिनांक 25-05-2004 औद्योगिक क्षेत्र उरला, सिलतरा, सरोरा में स्थापित उद्योग संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान लेबर इंस्पेक्टरों की नियुक्ति कर मजदूरों को उचित मजदूरी मिलने हेतु गृहमंत्री (श्री बृजमोहन अग्रवाल) द्वारा जांच की घोषणा.	25-05-2004
5.	श्री नंद कुमार पटेल, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 2 (क्रमांक 38) दिनांक 26-05-2004 वित्तीय वर्ष	26-05-2004

	2001-2002, 2002-2003 एवं 2003-2004 में प्रदेश में देशी मदिरा से हुई आय संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान शराब के अवैध परिवहन की वरिष्ठ अधिकारी द्वारा जांच की वित्त मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) द्वारा घोषणा.	
6.	डॉ. शक्राजीत नॉयक, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या-03 (क्र. 06) दिनांक-26-05-2004 समर्थन मूल्य में ख़रीदे गये धान की बकाया राशि का भुगतान संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान समितियों को परिवहन का भुगतान में देरी एवं प्रबंधकों के निलंबन के कारण की खाद्य मंत्री (श्री मेघाराम साहू) द्वारा जांच की घोषणा.	26-05-2004
7.	डॉ. शक्राजीत नॉयक, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या-07 (क्र. 07) दिनांक 26-05-2004 समर्थन मूल्य में खरीदे गये धान को खुले आसमान में रखने पर निर्धारित किया गया किराया संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान गलत उत्तर देने वाले अधिकारी पर कार्यवाही हेतु खाद्य मंत्री (श्री मेघाराम साहू) द्वारा जांच की घोषणा.	26-05-2004
8.	श्री उदय मुदलियार, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 08 (क्र. 116) दिनांक 26-05-2004 राजनांदगांव शहर के औद्योगिक क्षेत्र के लिए व्यक्तिवार आवंटित जमीन संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान उद्योगों द्वारा उत्पादन बंद कर अपनी जगह का अन्य उपयोग किए जाने पर राज्यमंत्री, उद्योग (श्री रजिन्दरपाल सिंह भाटिया) द्वारा जांच की घोषणा.	26-05-2004
9.	श्री उदय मुदलियार, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 09 (क्र. 117) दिनांक 27-05-2004 राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्र के ग्रामों में नल-जल योजना के तहत टंकी का किया गया निर्माण संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान पाईप लाईन बार-बार फूटने एवं अन्य त्रुटि के जिम्मेदार अधिकारियों एवं ठेकेदारों पर कार्यवाही हेतु राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (श्री केदार कश्यप) द्वारा जांच की घोषणा.	27-05-2004
10.	श्री योगेश्वर राज सिंह, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 03 (क्र. 236) दिनांक 28-05-2004 विकासखंड बोड़ला की प्राथमिक शालाओं को दी जा रही राशि तथा अनियमितता की जांच संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान डी. पी. ई. पी. की राशि में अनियमितता करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही करने हेतु शिक्षा मंत्री (श्री विक्रम उसेंडी) द्वारा जांच की घोषणा.	28-05-2004
11.	श्री देवजी पटेल, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 07 (क्र. 259) दिनांक 28-05-2004 नगरपालिका क्षेत्र तिल्दा के अंतर्गत अतिक्रमणकारियों को प्रदान किए गए पट्टे संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान नियम विरुद्ध दिए गए पट्टों की राजस्व मंत्री (श्री रामविचार नेताम) द्वारा जांच की घोषणा.	28-05-2004
12.	श्री दयालदास बघेल, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 11 (क्र. 310) दिनांक 28-05-2004 ग्राम बुंदेली स्थित सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु स्वीकृत राशि संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान गलत जानकारी देने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही करने हेतु प्रश्नकर्ता सदस्य की अध्यक्षता में जांच कराने की राजस्व मंत्री (श्री रामविचार नेताम) द्वारा घोषणा.	28-05-2004
13.	श्री नोवेल कुमार वर्मा, सदस्य की जांजगीर-चांपा में उचित मूल्य की दुकानों से खाद्य सामग्री एवं मिट्टी तेल की काला बाजारी होने संबंधी ध्यानाकर्षण सूचना दिनांक 28-05-2004 पर चर्चा के दौरान प्रदेश की समस्त उचित मूल्य की दुकानों की खाद्य मंत्री (श्री मेघाराम साहू) द्वारा जांच की घोषणा.	28-05-2004
14.	श्री धनेन्द्र साहू, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 01 (क्रमांक 71) दिनांक 01-06-2004 प्रदेश के शहरों के नजदीक बहने वाली नदियों को प्रदूषित होने से बचाने के लिए किए गए उपाय संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान नवापारा में राईसमीलों द्वारा महानदी में किये जा रहे प्रदूषण की वित्त मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) द्वारा जांच कीघोषणा.	01-06-2004
15.	श्री गुलाब सिंह, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 03 (क्रमांक 292) दिनांक 01-06-2004 कोरिया जिले में जारी पर्यावरण प्रमाण-पत्र संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान चिरमिरी-कोरबा मुख्य मार्ग पर लगे दो क्रेशरों द्वारा किये जा रहे प्रदूषण की राज्य मंत्री वन (श्री सत्यानंद राठिया) द्वारा जांच की घोषणा.	01-06-2004

16.	कु. लता उसेंडी, सदस्य की बस्तर जिले में बचेली से सुकमा के बीच पाईप लाईन बिछाने के लिए निजी एवं शासकीय भूमि के वृक्षों की कटाई की जाने संबंधी ध्यानाकर्षण सूचना दिनांक 02-06-2004 पर चर्चा के दौरान एस्सार स्टील लिमिटेड द्वारा सबरी नदी से प्रति सेकेण्ड अधिक पानी लिए जाने की राज्य मंत्री वन (श्री सत्यानंद राठिया) द्वारा जांच की घोषणा.	02-06-2004
17.	श्री देवव्रत सिंह, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 15 (क्रमांक 507) दिनांक 08-06-2004 विकासखंड खैरागढ़ व छुईखदान में विभिन्न श्रेणी के शिक्षकों का किया गया स्थानांतरण संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान शिक्षा नीति के उल्लघंन से एक शिक्षकीय शाला हो जाने पर शिक्षा मंत्री, (श्री विक्रम उसेण्डी) द्वारा जांच की घोषणा.	08-06-2004
18.	श्रीमती रमशीला साहू, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 10 (क्रमांक 485) दिनांक 09-06-2004 कृषि बीमा के तहत दुर्ग जिले की तहसीलों को की गई बीमा राशि संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान गुण्डरदेही तहसील के किसानों को बीमा राशि का लाभ न मिलने पर कृषि मंत्री, (श्री ननकीराम कंवर) द्वारा जांच की घोषणा.	09-06-2004
19.	श्री ताम्रध्वज साहू, सदस्य की धमधा पथरिया मार्ग के समीप पत्थर खदानों में ब्लास्टिंग होने से गंभीर दुर्घटना घटित होने संबंधी ध्यानाकर्षण सूचना दिनांक 11-06-2004 पर चर्चा के दौरान पत्थर खदानों की ब्लास्टिंग से जनमानस को हो रहे नुकसान की राज्य मंत्री, मुख्यमंत्री से संबंद्ध (श्री पूनम चंद्राकर) द्वारा जांच की घोषणा.	11-06-2004
20.	श्री नंद कुमार पटेल सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 14, (क्रमांक 629) दिनांक 14-06-2004 हंसदेव कछार बिलासपुर के अंतर्गत अंबिकापुर के ठेकेदार की, की गई हत्या संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान मृतक ठेकेदार के पुत्र को उसके कार्यों के हस्तांतरण की जल संसाधन मंत्री (श्री हेमचंद यादव) द्वारा जांच की घोषणा.	14-06-2004
21.	दिनांक 02-06-2004 के तारांकित प्रश्न संख्या-01 (क्रमांक 469) पर चर्चा के दौरान आसंदी के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का वर्ष 2003-2004 में धान संग्रहण हेतु खरीदी के संबंध में पूरी स्थिति से सदन को अवगत कराने के संबंध में वक्तव्य में वर्ष 2003-2004 में बारदाना खरीदी की जांच ई.ओ.डब्ल्यू. (आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो) से कराने की मुख्यमंत्री (डॉ. रमन सिंह) ने घोषणा की.	14-06-2004
22.	श्री देवव्रत सिंह, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 02 (क्रमांक 1008) दिनांक 15-06-2004 -खैरागढ़ अनविभागीय अधिकारी, राजस्व को राजस्व न्यायालयीन प्रकरण के सुनवाई का अधिकार संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान अनुविभागीय अधिकारी द्वारा धारा-151 के प्रकरणों की सुनवाई न करने पर राजस्व मंत्री (श्री रामविचार नेताम) द्वारा जांच की घोषणा.	15-06-2004
23.	श्री लालसाय खूंटे, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 12 (क्रमांक 526) दिनांक 15-06-2004-ग्राम वृन्दावन में संचालित सत्यम्, शिवम एवं सुन्दरम में शासन द्वारा उपलब्ध कराया गया फर्नीचर संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान विकासखंड धर्मजयगढ़ में सत्यम, शिवम, सुन्दरम महाविद्यालय संचालित होने की शिक्षा मंत्री (श्री विक्रम उसेंडी) द्वारा जांच की घोषणा.	15-06-2004
24.	श्री प्रीतम साहू, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 15 (क्रमांक 800) दिनांक 15-06-2004-बालोद विधान सभा क्षेत्र में विभाग द्वारा छात्रावास भवनों का निर्माण संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान निर्मित छात्रावास भवनों की दीवार में दरार आने की राजस्व मंत्री (श्री रामविचार नेताम) द्वारा जांच की घोषणा.	15-06-2004
25.	श्री कमलभान सिंह, सदस्य के त रांकित प्रश्न संख्या 16 (क्रमांक 1052) दिनांक 15-06-2004-अंबिकापुर प.ह.नं. 6 के खसरा क्र. 334 के भूमि का रकबा संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान कालेज की भूमि के रकबे का उल्लेख न होने की राजस्व मंत्री (श्री रामविचार नेताम) द्वारा जांच की घोषणा.	15-06-2004
26.	श्री देवव्रत सिंह, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 25 (क्रमांक 1009) दिनांक 15-06-2004-खैरागढ़ नगर पंचायत के अंतर्गत शासकीय भूमि पर अतिक्रमण संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान, मंदिर की भूमि पर अतिक्रमण होने की राजस्व मंत्री (श्री रामविचार नेताम) द्वारा जांच की घोषणा.	15-06-2004
27.	श्री देवव्रत सिंह, सदस्य की राजनांदगांव जिलान्तर्गत मोहला ब्लॉक में सड़क निर्माण कार्य में मिट्टी, मुरम, का	15-06-2004

अवैध उत्खनन किये जाने संबंधी ध्यानाकर्षण सूचना दिनांक 15-6-2004 पर चर्चा के दौरान अवैध उत्खनन की राज्य मंत्री, मुख्यमंत्री से सम्बद्ध (श्री पूनम चंद्राकर) द्वारा जांच की घोषणा.

28. श्री नन्दकुमार पटेल, सदस्य की बस्तर वन वृत्त में वृक्षारोपण में भ्रष्टाचार किये जाने संबंधी ध्यानाकर्षण सूचना दिनांक 16-06-2004 पर चर्चा के दौरान वृक्षारोपण में भ्रष्टाचार किए जाने की वन मंत्री (श्री गणेश राम भगत) द्वारा जांच की घोषणा. 16-06-2004

29. श्री धर्मजीत सिंह, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 01 (क्रमांक 1199) दिनांक 18-06-2004-अंग्रेजी शराब की दुकानों के पास अहाता निर्माण पर शासन द्वारा लगाई गई रोक संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान अवैध रूप से संचालित अहातों की संसदीय कार्य मंत्री (श्री अजय चंद्राकर) द्वारा जांच की घोषणा. 18-06-2004

30. श्री नोवेल कुमार वर्मा, सदस्य की प्रदेश में बांस चटाई की खरीदी में भ्रष्टाचार किये जाने संबंधी ध्यानाकर्षण सूचना दिनांक 18-06-2004 पर चर्चा के दौरान दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही करने हेतु सहकारिता मंत्री (श्री ननकीराम कंवर) द्वारा जांच की घोषणा. 18-06-2004

31. श्री भूपेश बघेल, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 15 (क्रमांक 1013) दिनांक 21-06-2004-दुर्ग जिले में 11वें वित्त आयोग की राशि से सिंचाई स्टॉप डेमों का निर्माण संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान पीस वर्क में हुए भ्रष्टाचार की जल संसाधन मंत्री (श्री हेमचंद यादव) द्वारा जांच की घोषणा. 21-06-2004

32. श्री छतराम देवांगन, सदस्य की जांजगीर-चांपा जिला अंतर्गत आयरन स्पंज मिल से निकलने वाले राखड़ से प्रदूषण फैलने संबंधी ध्यानाकर्षण सूचना दिनांक 21-06-2004 पर चर्चा के दौरान ट्रकों द्वारा राखड़ ढुलाई में हो रहे प्रदूषण की आवास एवं पर्यावरण मंत्री (श्री गणेशराम भगत) द्वारा जांच की घोषणा. 21-06-2004

33. श्री देवजी पटेल, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 11 (क्रमांक 966) दिनांक 22-06-2004-उच्च शिक्षा संचालनालय में पदस्थ/संलग्न अधिकारी संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान संचालनालय में नियम विरुद्ध संलग्न अधिकारियों की शिक्षा मंत्री (श्री विक्रम उसेण्डी) द्वारा जांच की घोषणा. 22-06-2004

34. डॉ. चेतन वर्मा, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 12 (क्रमांक 1227) दिनांक 22-06-2004-सिविल अस्पताल बेमेतरा को दान में प्राप्त भूमि संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान अस्पताल की 70 एकड़ भूमि की अफरा-तफरी होने पर राजस्व मंत्री (श्री रामविचार नेताम) द्वारा जांच की घोषणा. 22-06-2004

35. श्री धर्मजीत सिंह, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 16 (क्रमांक 980) दिनांक 22-06-2004-सिम्स को प्रदाय की गई राशि एवं उससे की गई खरीदी संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान सिम्स में किताब, उपकरण की खरीदी एवं भवन निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की सभी विभागों के विशेषज्ञों की टीम से क्षेत्रीय विधायक श्री बद्रीधर दीवान की उपस्थिति में शिक्षा मंत्री (श्री विक्रम उसेण्डी) द्वारा जांच की घोषणा. 22-06-2004

36. डॉ. शिवकुमार डहरिया, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या-1 (क्रमांक 690) दिनांक 23-06-2004-पंजीयक सहकारी समितियाँ छत्तीसगढ़ द्वारा विधि विरुद्ध पुनरीक्षण के आधार पर सुनवाई संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान लोकमान्य गृह निर्माण समिति के प्रकरण में पंजीयक द्वारा विधि विरुद्ध किए गए पुनरीक्षण की कृषि मंत्री (श्री ननकीराम कंवर) द्वारा जांच की घोषणा. 23-06-2004

37. श्री देवलाल दुग्गा, सदस्य की कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा व अंतागढ़ में सूखा राहत कार्य के चावल वितरण में अनियमितता संबंधी ध्यानाकर्षण सूचना दिनांक 23-06-2004 पर चर्चा के दौरान प्रभावित किसानों को राहत देने की राजस्व मंत्री (श्री रामविचार नेताम) द्वारा जांच की घोषणा. 23-06-2004

38. श्री उदय मुदलियार, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 6 (क्रमांक 1213) दिनांक 24-06-2004-राजनांदगांव जिला चिकित्सालय में पैरा-मेडिकल एक वर्षीय कोर्स के अंतर्गत छात्र-छात्राओं का प्रवेश संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान छात्रों के प्रवेश में हुई अनियमितता की राज्य मंत्री, लोक स्वास्थ्य (डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी) द्वारा जांच की घोषणा. 24-06-2004

39. श्री देवजी पटेल, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 15 (क्रमांक 462) दिनांक 24-06-2004-मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायपुर को आवंटित वाहन संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान वाहनों के दुरुपयोग की, राज्यमंत्री लोक स्वास्थ्य (डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी) द्वारा जांच की घोषणा. 24-06-2004

40. श्री शिवप्रताप सिंह, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 21 (क्रमांक 1381) दिनांक 24-06-2004-जिला आयुर्वेद कार्यालय अंबिकापुर में दवाई की खरीदी संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान दवाई खरीदी में अनियमितता की राज्य मंत्री, लोक स्वास्थ्य (श्री कृष्णमूर्ति बांधी) द्वारा जांच की घोषणा. 24-06-2004

निलंबन संबंधी घोषणाएं

सदन में निलंबन की घोषणा

1. श्री शिवप्रसाद, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 21 (क्रमांक 1381) दिनांक 24-06-2004-जिला आयुर्वेद कार्यालय अंबिकापुर में दवाई खरीदी संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान दवाई खरीदी में अनियमितता के दोषी अधिकारी के राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य (श्री कृष्णमूर्ति बांधी) द्वारा निलंबन की घोषणा. 24-06-2004

लिखित उत्तर में निलंबन/बर्खास्तगी

1. श्री भूपेश बघेल, सदस्य की दुर्ग एवं राजनांदगांव जिले में समर्थन मूल्य पर चना खरीदी में अनियमितता संबंधी ध्यानाकर्षण सूचना दिनांक 25-05-2004 के उत्तर में अनियमितताकर्ता कर्मचारी श्री नंदकुमार साँहू, को कृषि मंत्री (श्री ननकीराम कंवर) द्वारा निलंबित करने की घोषणा. 25-05-2004

2. श्री नोवेल कुमार वर्मा, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 4 (क्रमांक 160) दिनांक 28-05-2004 में प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना के तहत संचालित योजनाएं संबंधी प्रश्न के उत्तर में आंगनबाड़ी केन्द्रों के पोषण आहार कार्यक्रम में अनियमितता एवं लापरवाही बरतने पर तीन पर्यवेक्षक एवं एक परियोजना अधिकारी को राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास (श्रीमती रेणुका सिंह) द्वारा निलंबित करने की घोषणा. 28-05-2004

3. डॉ. रामचंद्र सिंहदेव, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 19 (क्रमांक 552) दिनांक 07-06-2004-प्रदेश में शासकीय स्रोतों से जिलेवार उपलब्ध सिंचाई सुविधा संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान पूरे प्रदेश में जल स्रोतों का अधिकतम दोहन कर सिंचाई में उपयोग किए जाने हेतु प्रश्नकर्ता सदस्य की सलाह पर आवश्यकता होने पर समिति का गठन किए जाने की जल संसाधन मंत्री (श्री हेमचंद यादव) द्वारा घोषणा. 07-06-2004

4. डॉ. शक्राजीत नायक, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 8 (क्रमांक 703) दिनांक 11-06-2004-रायगढ़ जिले के लेन्ध्रा समिति में धान खरीदी में भ्रष्टाचार संबंधी प्रश्न के लिखित उत्तर में धान खरीदी में अनियमितता करने वाले लिपिक श्री जीतराम पटेल एवं समिति प्रबंधक श्री गजपतिलाल तिवारी को खाद्य मंत्री (श्री मेघाराम साहू) द्वारा निलंबित करने की घोषणा. 11-06-2004

5. डॉ. शक्राजीत नायक, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 2 (क्रमांक 1435) दिनांक 13-06-2004-समिति प्रबंधक द्वारा मृतक किसान के नाम फर्जी ऋण खाते में समायोजन संबंधी प्रश्न के लिखित उत्तर में दोषी समिति प्रबंधक श्री हरिहर प्रसाद मालाकार को सेवा से पृथक करने की कृषि मंत्री (श्री ननकीराम कंवर) ने जानकारी दी. 23-06-2004

6. श्री त्रिलोचन पटेल, सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 10 (क्रमांक 767) दिनांक 23-06-2004-ग्राम पंचायत मोहका के तालाब गहरीकरण में हुई अनियमितता संबंधी प्रश्न के लिखित उत्तर में दोषी ग्राम पंचायत सचिव को निलंबित करने की पंचायत मंत्री (श्री अजय चंद्राकर) ने जानकारी दी. 23-06-2004

7. श्री राजकमल सिंघानिया,सदस्य के परिवर्तित अतारांकित प्रश्न संख्या 17 (क्रमांक 1088) दिनांक 23-06-2004-रायपुर जिले में लोक सभा निर्वाचन में शासकीय कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरतने के कारण निलंबन संबंधी प्रश्न के लिखित उत्तर में तीन कर्मचारियों के निलंबन की कृषि मंत्री (श्री ननकीराम कंवर) ने जानकारी दी. 23-06-2004

नियम 139 के अधीन अविलंबनीय लोक महत्व के विषय

1. प्रदेश में उपभोक्ता वस्तुओं एवं सीमेन्ट के मूल्यों में भारी वृद्धि 24-05-2004
2. प्रदेश में शासन द्वारा खरीफ फसल हेतु खाद, बीज, तकाबी की पर्याप्त व्यवस्था न की जाना 25-05-2004

नियम 52 के अधीन आधे घंटे की चर्चा

1.	दिनांक 01 जून, 2004 को गृहमंत्री से पूछे गये परिवर्तित अतारांकित प्रश्न संख्या 04 (क्र. 497) रायपुर स्थित वन्दना ग्लोबल उद्योग में कनवेयर बेल्ट में फंसकर श्रमिक की हुई मृत्यु संबंधी प्रश्न के उत्तर से उद्भूत विषय पर चर्चा.	25-06-2004
2.	दिनांक 18 जून, 2004 को उद्योग मंत्री से पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या 7 (क्र. 1119) बोरई जिला दुर्ग में फुड पार्क की स्थापना में आर्थिक अनियमितता संबंधी प्रश्न के उत्तर से उद्भूत विषय पर चर्चा.	25-06-2004

अशासकीय संकल्प

1.	प्रदेश में सिकल बीमारी की रोकथाम हेतु सभी जिला अस्पतालों में इलेक्ट्रोफोरेसिस टेस्ट सुविधा तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में माईक्रोस्कोप द्वारा खून की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाना (यथा संशोधित संकल्प सर्वानुमति से स्वीकृत)	28-05-2004
2.	प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में सर्वसुविधायुक्त खेल परिसर की व्यवस्था की जाना (सर्वानुमति से स्वीकृत)	28-05-2004
3.	यह सदन केन्द्र सरकार से अनुरोध करता है कि छत्तीसगढ़ राज्य में बिलासपुर रेल्वे जोन के अंतर्गत रेल्वे रिक्रूटमेंट बोर्ड की स्थापना कर भर्ती शीघ्र प्रारंभ की जाना ताकि छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवकों को रेल्वे विभाग में रोजगार प्राप्त हो. (सर्वसम्मति से स्वीकृत)	11-06-2004
4.	छत्तीसगढ़ में समग्र जल संग्रहण एवं संरक्षण कार्य योजना क्रियान्वित कर संचित जल के उपयोग को ही ऊर्जा, उद्योग, सिंचाई, वन, कृषि एवं पेयजल के विकास का आधार बनाया जाए. (अस्वीकृत)	11-06-2004
5.	नगर पंचायत एवं नगरपालिका क्षेत्र में जमीनों की रजिस्ट्री शुल्क 50 डेसिमल तक आवासीय प्लाट दर से लगता है, उसे घटाकर 10 डेसिमल तक किया जाए. (अस्वीकृत)	11-06-2004
6.	छत्तीसगढ़ शासन कार्य योजना बनाकर प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य मार्गों एवं नगर पालिका निगम वाले शहरों के मार्गों पर स्थित सूखे वृक्षों को काटकर उसके स्थान पर नवीन वृक्षारोपण कराया जाए. (अस्वीकृत)	18-06-2004
7.	शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, रायपुर को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एन. आई. टी) के रूप में उन्नयन किया जाए. (यथा संशोधित संकल्प सर्वानुमति से स्वीकृत)	18-06-2004
8.	जनसंख्या स्थिरीकरण हेतु राज्य शासन लक्ष्य प्राप्ति हेतु समयबद्ध कार्यक्रम तैयार कर क्रियान्वित करे. (अस्वीकृत)	18-06-2004
9.	यह सदन छत्तीसगढ़ राज्य के पुलिस बल को अत्याधुनिक हथियारों, उपकरणों से सुसज्जित कर विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था एवं वामपथ उग्रवाद से निपटने में सहयोग हेतु केन्द्र सरकार से अनुरोध करता है. (यथा संशोधित संकल्प स्वीकृत)	25-06-2004

प्रतिवेदन/अधिसूचना का पटल पर रखा जाना

1.	भारत के संविधान के अनुच्छेद 232 (2) की अपेक्षानुसार छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग का द्वितीय वार्षिक प्रतिवेदन. (दिनांक 01-04-2002 से दिनांक 31-03-2003 तक)	26-05-2004
2.	ऊर्जा, विद्युत (प्रदाय) अधिनियम, 1948 की धारा 61 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल का का वार्षिक वित्तीय विवरण वर्ष 2004-2005.	26-05-2004
3.	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, छत्तीसगढ़ चिकित्सा महाविद्यालयों के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश अधिनियम, 2002 (क्रमांक 28 सन् 2002) की धारा 4 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 21-03/2002/नौ/55 दिनांक 24 अप्रैल, 2004.	26-05-2004
4.	छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 की धारा 19 के अंतर्गत तृतीय वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष-2003.	21-06-2004

5. इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय अधिनियम, 1987 की धारा 41 की अपेक्षानुसार इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2001-2002. — 24-06-2004

प्रतिवेदनों पर चर्चा

1. इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर (छत्तीसगढ़) की वैधानिक ऑडिट रिपोर्ट उत्तर एवं प्रबंध मंडल की टिप्पणी वर्ष 2001-2002 — 26-05-2004

विविध महत्वपूर्ण विषय

त्याग पत्र की सूचना

1. छत्तीसगढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 24 मरवाही (अ.ज.जा.) से निर्वाचित सदस्य श्री अजीत जोगी की दिनांक 21 मई, 2004 को सभा की सदस्यता से त्याग पत्र. (स्वीकार) — 24-05-2004

वक्तव्य

1. डॉ. रमन सिंह, मुख्य मंत्री ने दिनांक 2 जून, 2004 को प्रश्नोत्तर सूची में मुद्रित त. प्र. संख्या 01 (क्रमांक 469) पर चर्चा के दौरान आसंदी के इस निर्देश कि वर्ष 2003-2004 में धान संग्रहण हेतु खरीदी के संबंध में पूरी स्थिति से सदन को अवगत कराया जाये के संबंध में . — 14-06-2004

2. श्री बृजमोहन अग्रवाल, गृहमंत्री द्वारा जाली नोटों के प्रचलन संबंधी प्रकरणों पर पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही के संबंध में . — 23-06-2004

3. श्री बृजमोहन अग्रवाल, गृहमंत्री ने आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं नक्सल पीड़ित व्यक्तियों के पुनर्वास हेतु कार्य योजना के संबंध में. — 24-06-2004

सदन को सूचना

1. उत्कृष्ट संसदीय पत्रकार पुरस्कार की घोषणा — 26-05-2004

2. श्री देवलाल दुग्गा, सदस्य की कांकेर के सत्कार अधिकारी के विरुद्ध दिनांक 01 जून, 2004 को दी गई सूचना जिसे अध्यक्ष महोदय द्वारा जांच एवं अनुशंसा हेतु सदस्य सुविधा एवं सम्मान समिति को सौंपा गया. — 09-06-2004

3. माननीय अध्यक्ष द्वारा छत्तीसगढ़ विधान सभा प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम-167 के अंतर्गत उनके समक्ष विचाराधीन निम्नलिखित विशेषाधिकार भंग की सूचनाओं को अपने कक्ष में अग्राह्य कर दिये जाने की सूचना. — 25-06-2004

   (1) माननीय सदस्य डॉ. शक्राजीत नॉयक द्वारा पुलिस अधीक्षक, जिला-रायगढ़ के विरुद्ध प्रस्तुत विशेषाधिकार भंग की सूचना दिनांक 01 जून, 2004 एवं

   (2) माननीय नेता प्रतिपक्ष सर्वश्री महेन्द्र कर्मा, भूपेश बघेल, धर्मजीत सिंह, एवं अन्य सदस्य द्वारा माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय संसदीय कार्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के विरुद्ध प्रस्तुत विशेषाधिकार भंग की सूचना दिनांक 15 जून, 2004

अनुपस्थिति की अनुज्ञा

1. निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 25 कोटा के सदस्य श्री राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल द्वारा स्वास्थ्यगत कारणों से मई-जून, 2004 सत्र में सभा की बैठकों से अनुपस्थित रहने की अनुज्ञा. (स्वीकृत) — 25-05-2004

2. निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 36 चाम्पा के सदस्य श्री मोतीलाल देवांगन द्वारा स्वास्थ्यगत कारणों से मई-जून, 2004 सत्र में सभा की बैठकों से अनुपस्थित रहने की अनुज्ञा . (स्वीकृत) — 25-05-2004

3. निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 49 कसडोल के सदस्य श्री राजकमल सिंघानिया द्वारा स्वास्थ्यगत कारणों से मई -जून, 2004 सत्र में दिनांक 02-06-2004 से दिनांक 11-06-2004 तक सभा की बैठकों से अनुपस्थित रहने की अनुज्ञा. (स्वीकृत) 09-06-2004

अध्यक्षीय व्यवस्था

1. प्रश्नकाल की समाप्ति पर नेता प्रतिपक्ष श्री महेन्द्र कर्मा ने जन भागीदारी समिति के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की शालाओं के उन्नयन किए जाने संबंधी प्रतिपक्षी सदस्यों द्वारा दिये गये काम रोको प्रस्ताव पर चर्चा की मांग की 26-05-2004

संसदीय कार्य मंत्री, श्री अजय चन्द्राकर ने कहा कि इस विषय पर विभाग की मांगों पर चर्चा के समय चर्चा की जा सकती है इसलिए अभी इस पर चर्चा न करायी जाए. इस पर नेता प्रतिपक्ष श्री महेन्द्र कर्मा ने आसंदी पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रतिपक्ष के सदस्य ऐसा महसूस करने लगे हैं कि आसंदी के द्वारा जो उदारता, निष्पक्षता, निर्पेक्षता या एक न्यायपूर्ण दृष्टिकोण या व्यवहार जनहित के मुद्दों के लिए होना चाहिए, उसमें कमी आई है.

माननीय अध्यक्ष ने आसंदी के प्रति नेता प्रतिपक्ष द्वारा किए गए कथन पर यह कहते हुए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी कि उन्हें बहुत खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि विपक्ष के नेता इस तरीके से बिना आधार के आरोप लगा रहे हैं, वे अन्य माध्यमों से अपने प्रस्ताव ला सकते हैं और वे जो कहेंगे वह करने के लिए तैयार हैं, सदन जो निर्णय लेगा वैसा होगा.

कार्यवाही पुन: आरंभ होते ही नेता प्रतिपक्ष श्री महेन्द्र कर्मा ने कहा कि उनका मानना है कि उन्होंने आसंदी की अवमानना नहीं की है, न ही आसंदी के प्रति उनके मन में किसी भी प्रकार की अवमानना का आशय था.

माननीय अध्यक्ष महोदय ने व्यवस्था देते हुए कहा कि :-

माननीय नेता प्रतिपक्ष ने अपने कथन में जो शब्द उपयोग किये थे उनको वे सदन के समक्ष रखते हैं :- हम इस पक्ष के लोग ऐसा महसूस करने लगे हैं कि आसंदी के द्वारा या आसंदी में जो उदारता, निष्पक्षता, निर्पेक्षता एवं एक न्यायपूर्ण दृष्टिकोण या व्यवहार जनहित के मुद्दों के लिए होना चाहिए, उसमें कमी आई है.

सदन इस तथ्य से अवगत है कि माननीय नेता प्रतिपक्ष ने स्थगन प्रस्ताव के संबंध में अपना कथन पूरा किया तत्पश्चात् माननीय संसदीय कार्य मंत्री ने अपना पक्ष रखा, उसके बाद आसंदी की ओर से स्थगन प्रस्ताव के संदर्भ में कोई व्यवस्था या निर्देश नहीं दिया गया. ऐसी स्थिति में माननीय नेता प्रतिपक्ष का उपरोक्त कथन कहां तक न्यायोचित और औचित्यपूर्ण है, यह वे सदन और उनके स्वयं के विवेक पर छोड़ते हैं लेकिन इतना अवश्य कहना चाहता हूं कि सदन इस बात का साक्षी है कि विगत 3 दिनों में प्रतिपक्ष के सदस्यों ने जिन महत्वपूर्ण और जनहित के मुद्दों को उठाया है और जितना अवसर उन्हें दिया गया है, वह नेता प्रतिपक्ष के कथन को सिद्ध नहीं करता. उनका मानना है कि सदन के मूल्यवान समय का सदुपयोग होना चाहिए. संसदीय लोकतंत्र के दोनों पहिए, पक्ष-प्रतिपक्ष अपनी-अपनी ओर से शालीनता बनाए रखें, वे ऐसी अपेक्षा सभी से करते हैं.

नेता प्रतिपक्ष के कथन के बाद वे इस मामले को अब समाप्त करते हैं जो स्थगन प्रस्ताव जन-भागीदारी समिति के उन्नयन के संबंध में नेता प्रतिपक्ष एवं अन्य सदस्यों ने दिया है वह उनके पास विचाराधीन है उस पर उन्होंने शासन का जवाब शीघ्र मांगा है और इसे यथासंभव कल से लिया जायेगा. वे दोनों पक्षों को शालीनता से सदन संचालन की अपील भी करते हैं.

2. दिनांक 01 जून, 2004 को शून्यकाल के दौरान प्रतिपक्ष के माननीय सदस्यों ने रायगढ़ जिले के विकासखण्ड के ग्राम खिचरी में एक शासकीय कार्यक्रम के दौरान हुई घटना के संदर्भ में माननीय विधायक श्री शक्राजीत नायक के विरुद्ध पुलिस प्रशासन द्वारा मुकदमा कायम कराए जाने के संबंध में मामला उठाया गया था. मैंने सदन को आश्वस्त किया था कि मैं इस मामले में शासन से जानकारी लूंगा और मामले में समुचित कार्यवाही भी करूंगा. 02-06-2004

मैंने इस संबंध में कांग्रेस पक्ष के सदस्यों के साथ-साथ शासन पक्ष के सदस्यों, माननीय मुख्यमंत्री और गृहमंत्री से भी चर्चा की. शासन पक्ष ने कांग्रेस पक्ष को मामले की वस्तुस्थिति भी बताई. सभी बिन्दुओं पर चर्चा के बाद अपने कक्ष में और सदन में मैंने स्वयं और शासन पक्ष ने भी कांग्रेस पक्ष के सदस्यों से कार्यवाही में भाग लेने की अपील की लेकिन कल प्रतिपक्षी सदस्य सदन की बैठक में नहीं आए और सामान्य चर्चा में भाग नहीं लिया, न ही ध्यानाकर्षण प्रस्तुत किए.

आज पुनः शून्यकाल में श्री नन्दकुमार पटेल, सदस्य ने यह मामला उठाया और माननीय सदस्य डॉ. शक्राजीत नायक के विरुद्ध फर्जी मामले वापिस लेने की मांग करते हुए कांग्रेस पक्ष के सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए. बहिर्गमन के कारण न तो उन्होंने बजट की सामान्य चर्चा में भाग लिया, न ही आज की कार्यसूची में दर्ज वृष्टिछाया योजनान्तर्गत नलकूप हेतु विद्युत कनेक्शन देने और विद्युत कटौती जैसे महत्वपूर्ण ध्यानाकर्षण सूचना पर चर्चा में भाग लिया. जैसा कि मैंने कल आश्वस्त किया था मैंने मामले पर शासन से प्रतिवेदन लिया. इस मामले को देखने पर मैंने पाया कि पुलिस अधिकारी श्री हीरालाल मरावी, उप निरीक्षक व सी.एस.ई.बी. के अधिकारी श्री रणधीर दियासी, सहायक यंत्री की रिपोर्ट पर माननीय विधायक व अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है न कि किसी पार्टी विशेष के कार्यकर्ताओं की रिपोर्ट पर. दोनों अधिकारियों के साथ हुई मारपीट और उन्हें आई चोटों के कारण यह स्थिति बनी है.

इस मामले में दिनांक 31-05-04 को सदन में हुई चर्चा की ओर भी मैं सदन का ध्यान आकृष्ट करूंगा जिसमें स्वयं माननीय सदस्य श्री शक्राजीत नायक ने यह कथन किया है कि उन्होंने वहां पर कार्यक्रम का प्रतीकात्मक विरोध किया, कार्यकर्ताओं ने भी विरोध किया और शिलान्यास पत्थर में माननीय विधायक का नाम न होने से कांग्रेस कार्यकर्ता उत्तेजित हुए. उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता शांतिपूर्ण नारेबाजी कर रहे थे.

इससे यह तो स्पष्ट होता है कि माननीय विधायक के नेतृत्व में ही यह कार्यवाही हो रही थी. ऐसे में यह कहना कि पुलिस व सी.एस.ई.बी. के अधिकारियों की रिपोर्ट पर फर्जी मामला दर्ज हुआ है प्रथम दृष्टया सही प्रतीत नहीं होता फिर भी मामले की विवेचना के बाद ही वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सकेगी.

मामले के तथ्यों को देखने से यह भी स्पष्ट होता है कि माननीय विधायक ने राजनैतिक नेता की हैसियत से यह कार्य किया न कि विधायी हैसियत से. एक वरिष्ठ विधायक एवं एक जनप्रतिनिधि के नाते निश्चित ही वे इसके परिणामों से भी अवगत थे.

इस मामले को जहां तक मैं समझ पाया हूं मूल विषय शिलान्यास पत्थर में माननीय विधायक का नाम न होना ही था. मैंने इस संबंध में शासन के परिपत्र देखें. राज्य शासन की ओर से अभी तक ऐसा कोई परिपत्र

जारी नहीं हुआ है जिसमें माननीय विधायकों का नाम शिलान्यास पत्थर में लिखा जाना अनिवार्य किया हो. मामले पर चर्चा के दौरान माननीय सदस्य डॉ. नायक ने ऐसा परिपत्र होने की बात की थी. मैंने उनसे वह परिपत्र मांगा भी था, लेकिन उन्होंने न तो मुझे परिपत्र दिया, न पटल पर ही रखा ऐसी स्थिति में जब शासन का कोई निर्देश न हो और माननीय विधायक को जब अतिथि के रूप में बुलाया गया हो और आमंत्रण पत्र में उनका नाम नहीं हो, माननीय विधायक का शिलान्यास पत्थर में नाम लिखने का आग्रह स्वरूप विरोध व्यक्त करना व कार्यकर्ताओं द्वारा नारे बाजी करना कहां तक उचित था यह मैं उन्हीं के विवेक पर छोड़ता हूं.

राजनैतिक आन्दोलनों में माननीय विधायकों और पार्टी कार्यकर्ताओं पर मुकदमें कायम होना कोई नई या असाधारण बात नहीं है. ऐसे मुकदमें अधिकांश विधायकों एवं राजनेताओं पर कायम होते हैं, इसलिए राजनैतिक आन्दोलनों के संदर्भ में दर्ज मुकदमें वापिस लेने की बात कहकर दो दिन तक लगातार सदन की कार्यवाही का बहिष्कार कहां तक जनहित में है या भी मैं कांग्रेस पक्ष के विचार के लिए और आम जनता के विवेक पर छोड़ता हूं.

जहां तक सभा संबंध है मैंने मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थापित परम्पराओं के विरुद्ध बजट पर सामान्य चर्चा प्रारंभ होने के दिन स्थगन को चर्चा हेतु ग्राह्य कर चर्चा कराई और सदन में सारी स्थिति स्पष्ट भी हो गई.

संसदीय लोकतंत्र में प्रतीकात्मक विरोध के तरीके हैं ऐसे में सदन से बहिर्गमन भी एक स्वस्थ्य तरीका है लेकिन ऐसा बहिर्गमन किस सीमा तक हो और क्या यह जनहित के मामलों पर सदन में चर्चा न करने की सीमा तक हो ? यह विचारणीय है.

मेरा ऐसा मानना है कि बजट सत्र में बजट पर सामान्य चर्चा जनहित के मामलों के उठाने का सर्वाधिक महत्वपूर्ण अवसर होता है, इसका लाभ जनहित में उठाना चाहिए था. यही नहीं आज की ध्यानाकर्षण सूचनाएं भी बहुत महत्वपूर्ण विषय पर थी, उसमें भी सदस्यों को भाग लेना चाहिए था.

मैं पुनः कांग्रेस पक्ष से अनुरोध करता हूं कि वे बजट पर चर्चा में शामिल हों और एक स्वस्थ परम्परा का निर्वाह करें जो अतीत में छत्तीसगढ़ की विधान सभा ने स्थापित की है.

अंत में एक बात मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि माननीय विधायकों के मान-सम्मान की पूरी रक्षा होगी और वे अपने विधायी कार्य निर्भीक ढंग से बिना किसी व्यवधान के करें यह सुनिश्चित किया जाएगा लेकिन माननीय सदस्यों को अपने विधायी एवं राजनैतिक कर्त्तव्यों में फर्क करना होगा और ऐसी स्थितियों से बचना होगा जिससे ऐसी अप्रिय स्थितियां बनें.

3. दक्षिण बस्तर में नक्सली गतिविधियों में वृद्धि तथा शासन द्वारा नक्सली घटनाओं की खबरों से संबंधित परिपत्र संबंधी ध्यानाकर्षण पर उत्पन्न विवाद के दौरान माननीय अध्यक्ष द्वारा निम्नलिखित व्यवस्था दी गई - 11-06-2004

मैंने नक्सली घटनाओं में शहीद/घायल पुलिस कर्मियों के भयावह दर्दनाक फोटो समाचार प्रकाशित नहीं करने संबंधी परिपत्र एवं माननीय गृहमंत्री जी का उत्तर व सभा में सदस्यों द्वारा परिपत्र के कारण उत्पन्न स्थिति पर उनके विचारों को गंभीरतापूर्वक सुना.

मैं माननीय मंत्री जी के द्वारा व्यक्त भावनाओं का सम्मान करता हूं जिसमें उन्होंने यह व्यक्त किया कि शासन की मंशा प्रेस की आजादी को किसी भी प्रकार से किंचित भी प्रभावित करने अथवा नक्सली घटनाओं के समाचारों को छपने से प्रतिबंधित करने की नहीं है, वरन पुलिस एवं जनता का मनोबल बनाए रखने के उद्देश्य से यह कार्यवाही की जाना बताया है और मूल उद्देश्य को महिमा मंडित करने से रोकना व विकास कार्यों को गति देना है. यह भी ठीक है कि परिपत्र प्रेस काऊंसिलिंग के दिशा-निर्देशों के अनुकूल है.

शासन की पूर्ण सद्भावना के बावजूद इस परिपत्र से भ्रम की स्थिति निर्मित होने की संभावना से पूर्णतया इंकार नहीं किया जा सकता इसलिए शासन यह सुनिश्चित करे कि इस परिपत्र का दुरुपयोग न किया जाए, आवश्यक हो तो संशोधित परिपत्र जारी करे और यदि आवश्यक एहतियात के बाद भी भ्रम की स्थिति बनती है तो शासन परिपत्र को वापस लेने में भी संकोच न करे.

4. प्रश्न संख्या 11 (क्र. 1174) श्री रविन्द्र चौबे के प्रश्न पर सदस्य श्री नंद कुमार पटेल द्वारा पूरक प्रश्न पूछे जाने पर, वित्त मंत्री श्री अमर अग्रवाल द्वारा व्यक्त किए गए आरोपात्मक शब्दों को श्री नंद कुमार पटेल द्वारा वापस लिए जाने की मांग करते हुए सभा का बहिष्कार किया. उक्त घटना पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने निम्नानुसार व्यवस्था दी :- 25-06-2004

उन्होंने माननीय मंत्री श्री अमर अग्रवाल के शब्दों को उसी समय विलोपित कर दिया था अत: माननीय श्री नंदकुमार पटेल द्वारा पश्चात् मुझसे यह अनुरोध करना कि माननीय मंत्री श्री अमर अग्रवाल को यह शब्द लेने के लिए कहूं, संभव नहीं था क्योंकि वे शब्द कार्यवाही में थे ही नहीं. सभा की कार्यवाही में आसंदी पर सभा की कार्यवाही चलाने का दायित्व होता है. ऐसे अवसर आ सकते हैं जब कोई सदस्य आसंदी की व्यवस्था या निर्देश से सहमत नहीं हो इसके बावजूद सदस्यों को इस सदन की अपनी स्वयं की गरिमा बनाये रखने के लिए अपना आचरण, उनसे अपेक्षित आचरण के अनुरूप रखना चाहिए. अध्यक्षीय व्यवस्था पर सभा का बहिष्कार करना, संसदीय परम्पराओं के विपरीत है. वे प्रतिपक्ष के समस्त सदस्यों से अपील करते हैं कि वे सभा की कार्यवाही में हिस्सा लें.

सत्र की प्रमुख घटनायें

सभा का स्थगन

1. जन भागीदारी समिति के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की शालाओं के उन्नयन किये जाने संबंधी प्रतिपक्षी सदस्यों द्वारा दिये गये काम रोको प्रस्ताव पर शासन द्वारा तत्काल चर्चा से इंकार करने पर नेता प्रतिपक्ष श्री महेन्द्र कर्मा द्वारा आसंदी पर समुचित उदारता, निष्पक्षता, निर्पेक्षता या न्यायपूर्ण दृष्टिकोण न अपनाने का आरोप लगाने पर माननीय अध्यक्ष ने यह कहते हुए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी कि उन्हें बहुत खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि विपक्ष के नेता इस तरीके से बिना आधार के आरोप लगा रहे हैं. जिससे सदन की कार्यवाही अपराह्न 12.06 बजे से 3.11 बजे तक स्थगित रही. 26-05-2004

(सभा की कार्यवाही का स्थगन 1 घंटे 35 मिनट)

बहिर्गमन/बहिष्कार

1. प्रदेश में उपभोक्ता वस्तुओं एवं सीमेन्ट के मूल्यों में भारी वृद्धि होने संबंधी अविलंबनीय लोक महत्व के विषय पर चर्चा के दौरान शासन के उत्तर से असंतुष्ट होकर नेता प्रतिपक्ष श्री महेन्द्र कर्मा के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्यों ने सदन से दिन भर के लिए बहिर्गमन किया. 24-05-2004

2.	प्रदेश में हत्या, बलात्कार, लूट, डकैती, नक्सलवादी हिंसा की घटित घटनाएं संबंधी तारांकित प्रश्न संख्या 10 (क्रमांक 37) पर चर्चा के दौरान शासन के उत्तर से असंतुष्ट होकर प्रतिपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया.	25-05-2004
3.	प्रदेश में सड़क निर्माण में अमानक स्तर का डामर उपयोग कर शासन को करोड़ों रुपयों का नुकसान पहुंचाने संबंधी ध्यानाकर्षन सूचना पर माननीय मंत्री के उत्तर से असंतुष्ट होकर श्री नोवेल वर्मा, सदस्य का सदन से बहिर्गमन.	25-05-2004
4.	दुर्ग एवं राजनांदगांव जिले में समर्थन मूल्य पर चना खरीदी में अनियमितता किये जाने संबंधी ध्यानाकर्षण पर कृषि मंत्री के उत्तर से असंतुष्ट होकर प्रतिपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया.	25-05-2004
5.	प्रदेश में जनभागीदारी समितियों के द्वारा संचालित शालाओं को शासन द्वारा अनुदान राशि दिये जाने तथा अधिग्रहण किये जाने संबंधी स्थगन प्रस्ताव को माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रस्तुत करने की अनुमति न दिये जाने से नेता प्रतिपक्ष श्री महेन्द्र कर्मा के नेतृत्व में प्रतिपक्षी सदस्यों ने शासन की शिक्षा विरोधी नीति के विरोध में सदन से बहिर्गमन किया.	27-05-2004
6.	विधान सभा क्षेत्र पलारी अंतर्गत राजस्व एवं वनग्रामों की संख्या संबंधी डॉ. शिवकुमार डहरिया सदस्य के तारांकित प्रश्न संख्या 10 (क्रमांक 314) पर चर्चा के दौरान राजस्व मंत्री के उत्तर से असंतुष्ट होकर प्रतिपक्ष के सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया.	28-05-2004
7.	जांजगीर-चांपा में उचित मूल्य की दुकानों से खाद्य सामग्री एवं मिट्टी तेल की कालाबाजारी किये जाने संबंधी ध्यानाकर्षण पर खाद्य मंत्री के उत्तर से असंतुष्ट होकर श्री नोवेल कुमार वर्मा, सदस्य द्वारा सदन से बहिर्गमन किया गया.	28-05-2004
8.	रायगढ़ जिले के बरमकेला विकासखंड के ग्राम खिरची में विद्युत मंडल के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान लाठीचार्ज होने संबंधी स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान शासन के उत्तर से असंतुष्ट होकर प्रतिपक्ष के सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया.	31-05-2004
9.	प्रतिपक्ष के सदस्य श्री रविन्द्र चौबे, सत्यनारायण शर्मा, भूपेश बघेल एवं अन्य ने मामला उठाया कि कल सदन में रायगढ़ जिले के बरमकेला में विद्युत मंडल के शिलान्यास कार्यक्रम में लाठीचार्ज होने संबंधी स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सत्तापक्ष की ओर से यह कहा गया था कि शासन ने इस मामले में कोई मुकदमा कायम नहीं किया है लेकिन शासन द्वारा निर्वाचित जनप्रतिनिधि डॉ. शक्राजीत नॉयक के खिलाफ मुकदमा दायर कर द्वेषवश कार्यवाही की जा रही है. अध्यक्ष महोदय द्वारा चर्चा कर उचित कार्यवाही का आश्वासन देने पर प्रतिपक्ष के सदस्यों ने यह कहते हुए कार्यवाही का बहिष्कार किया कि जब तक इस मामले में चर्चा नहीं की जाती तब तक वे सदन की कार्यवाही का बहिष्कार करते हैं.	01-06-2004
10.	प्रश्नकाल की समाप्ति पर प्रतिपक्षी सदस्यों ने डॉ. शक्राजीत नॉयक सदस्य के खिलाफ शासन द्वारा दर्ज मुकदमा वापस लेने तक सदन की कार्यवाही में भाग लेने में असमर्थता जताते हुए सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया.	02-06-2004
11.	नेता प्रतिपक्ष एवं अन्य द्वारा प्रदेश में संवैधानिक रूप से निर्वाचित संस्थाओं को सरकार द्वारा भंग किये जाने संबंधी स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा की मांग करने पर अध्यक्ष महोदय द्वारा इस पर शासन से	09-06-2004

जानकारी मांगकर किसी न किसी रूप में चर्चा हेतु लेने का आश्वासन देने पर प्रतिपक्षी सदस्यों ने आसंदी से न्यायोचित व्यवस्था न मिलने के विरोध में सदन से बहिर्गमन किया.

12. नक्सली वारदातों की जानकारी पुलिस द्वारा प्रेस को न दिये जाने संबंधी सरकार द्वारा जारी निर्देश संबंधी स्थगन प्रस्ताव पर सरकार द्वारा तत्काल चर्चा न कराये जाने के विरोध में प्रतिपक्षी सदस्यों द्वारा नेता प्रतिपक्ष श्री महेन्द्र कर्मा के नेतृत्व में सदन से बहिर्गमन किया. 10-06-2004

13. तारांकित प्रश्न संख्या 8 (क्रमांक 711) स्वप्रेरणा के तहत पंजीयक छ.ग. सहकारिता विभाग को सुनवाई हेतु मार्गदर्शन संबंधी प्रकरण पर चर्चा के दौरान प्रतिपक्षी सदस्यों ने शासन के उत्तर से असंतुष्ट होकर सदन से बहिर्गमन किया. 16-06-2004

14. ता. प्र. सं. 14 (क्रमांक 1342) रायपुर में साहू समाज को छात्रावास निर्माण हेतु भूमि दिये जाने की कार्यवाही संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान प्रतिपक्षी सदस्यों ने शासन के उत्तर से असंतुष्ट होकर सदन से बहिर्गमन किया. 22-06-2004

15. ता. प्र. सं.-01 (क्र. 690) पंजीयक सहकारी समितियां छ.ग. द्वारा विधि विरुद्ध पुनरीक्षण के आधार पर सुनवाई संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष श्री महेन्द्र कर्मा के नेतृत्व में प्रतिपक्षी सदस्यों ने कृषि मंत्री द्वारा संतोषजनक उत्तर न आने के विरोध में सदन से बहिर्गमन किया. 23-06-2004

16. कृषि विभाग द्वारा प्रदेश की बाहर की फर्म से निम्न स्तर की पौध संरक्षण औषधि आदि का क्रय-विक्रय किये जाने संबंधी ध्यानाकर्षण पर कृषि मंत्री श्री ननकी राम कंवर के उत्तर से असंतुष्ट होकर प्रतिपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया. 24-06-2004

17. ता. प्रश्न संख्या 11 (क्र. 1174) राज्य में स्थापित नये उद्योगों संबंधी प्रश्न पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री श्री अमर अग्रवाल द्वारा श्री नंद कुमार पटेल के प्रति कहे गये शब्दों को सदस्य श्री नंद कुमार पटेल की आपत्ति के पश्चात् माननीय अध्यक्ष द्वारा विलोपित किये जाने की घोषणा के पश्चात् सदस्य श्री नंद कुमार पटेल ने माननीय अध्यक्ष से श्री अमर अग्रवाल को अपने शब्द वापस लेने हेतु निर्देश देने के लिए कहा. माननीय अध्यक्ष ने कहा कि उन शब्दों को विलोपित कर दिया गया है लेकिन प्रतिपक्षी सदस्यों द्वारा श्री नंद कुमार पटेल, सदस्य के नेतृत्व में सदन की कार्यवाही से बहिर्गमन किया गया. 25-06-2004
